# एम्स भोपाल और आईआईएसईआर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

## चर्चा में क्यों?

28 अक्तूबर, 2021 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भोपाल और भारतीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (IISER), भोपाल ने नमूनों के विश्लेषण के लिये नैदानिक नमूनों और प्रौद्योगिकी को साझा कर जन-स्वास्थ्य, मेटाजेनोमिक्स, कैंसर, महामारी विज्ञान और उपचार के क्षेत्र में सहकारी अनुसंधान करने हेतु पाँच साल के लिये एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।

## प्रमुख बिंदु

- यह समझौता ज्ञापन मध्य प्रदेश में अन्य अनुसंधान संस्थानों के साथ एक अनुवाद अनुसंधान क्लस्टर बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।
- दोनों संस्थानों के बीच अंत:विषय अनुसंधान से महत्त्वपूर्ण खोजें होंगी। दोनों संस्थान संयुक्त रूप से सेमिनार, वर्कशॉप, कॉन्फ्रेंस, फैकल्टी और स्टूडेंट एक्सचेंज का आयोजन करेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mou-signed-between-aiims-bhopal-and-iiser